# वार्षिक परीक्षा 2017-2018
## हिन्दी भाषा

**कक्षा : VI**
**समय : 2 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 80**

**1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें।** **[12]**

(क) आपकी दृष्टि में छात्र के जीवन में अध्यापक का क्या महत्त्व है ? छात्र और अध्यापक के बीच किस प्रकार का संबंध (रिश्ता) होना चाहिए ? अच्छा छात्र बनने के लिए किन गुणों का होना आवश्यक है ?

(ख) जीवन में नैतिक मूल्यों (Moral Values) की क्या आवश्यकता है ? विद्यालय में पढ़ाए जाने वाले इस विषय से आपको अभी तक क्या शिक्षा मिली है ? और उसका कितना उपयोग आपने किया है ?

(ग) कुछ विद्यार्थियों को परीक्षा एक मुसीबत लगती है, आपको परीक्षा देना कैसा लगता है ? विद्यार्थी जीवन में परीक्षा की आवश्यकता क्यों है? अपने विचार प्रकट करें।

(घ) आप बड़ों से आवश्यक वस्तुओं की माँग करते हैं। माँगें पूरी नहीं होने पर आप निराश हो जाते हैं। बताइए कि आप माता-पिता तथा बड़ों से क्या चाहते हैं ? तथा उन्हें आपके साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

**2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें ।** **[10]**

(क) विद्यालय में मनाए गए युवा महोत्सव (Youth Festival) का वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखें।

(ख) आप विद्यालय किसी कारण देर से पहुँचे। कारण बताते हुए क्षमा याचना भरा पत्र प्रधानाचार्या को लिखें।

**3. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।**

एक लड़का था, निहायत बुद्धू। संगी-साथी, माता-पिता, भाई-बहन, टोला-मोहल्ला सभी उसकी खिल्ली उड़ाते। उसके साथ के लड़के परीक्षा में सफल होकर अगली कक्षा में पहुँच रहे थे पर वह हर बार लटक जाता। गुरुजी कहते, ''तू निरा मूर्ख है। पढ़ाई-लिखाई तेरे बस की बात नहीं है।''

वह यह सब सुनता और सहता। उसके मन में यह बात घर कर गई थी कि उसका नसीब ही खोटा है। पहले तो कुछ दिन वह चिढ़ा, फिर उसका चिढ़ना भी बन्द हो गया।

एक दिन की बात है। एक पाठ गुरु जी के काफी समझाने पर भी उसे समझ नहीं आया क्योंकि समझ से उसका दूर-दूर का भी रिश्ता न था। अंत तक न समझने पर गुरु जी गुस्से में आकर छड़ी दिखाते हुए बोले ''हथेली खोल''। उसकी दाहिनी हथेली देखकर पिटाई के लिए उठाई गई छड़ी पंडित जी ने रख दी। वे दुःखी होकर बोले, ''पीटने से कोई लाभ नहीं, तेरे हाथ में तो विद्या की रेखा ही नहीं है।'' यह सुनकर वह बहुत दुःखी हुआ। उसने पंडित जी से विद्या की रेखा के विषय में पूछा उन्होंने अपनी हथेली में विद्या की रेखा दिखाई।

वह वहाँ से चल दिया। थोड़ी देर बाद खून से लथपथ हथेली लिए गुरुजी के पास पहुँचा, उसे देखकर गुरुजी दुःखी हो गए। समय के साथ, घाव सूखकर सफेद लकीर बन गई, फिर सफेद लकीर भी गायब हो गई पर उसके मन

Downloaded From www.icseboard.org

पर लगन की अमिट लकीर खिंच चुकी थी। उसने निश्चय किया कि जब तक पाठ याद नहीं करूँगा तब तक अन्न-जल ग्रहण नहीं करूँगा। पहले तो कठिनाई हुई फिर उसकी लगन के सामने पाठों को झुकना पड़ा। यही लड़का आगे चलकर संसार का श्रेष्ठ संस्कृत व्याकरण पंडित 'पाणिनि' हुआ।

(क) उस बुद्धू लड़के का लोग मजाक क्यों उड़ाते थे ? [3]

(ख) उस लड़के के मन में क्या बात बैठ गई थी ? [2]

(ग) पंडित जी ने उसकी पिटाई क्यों नहीं की ? [3]

(घ) उस बालक ने विद्या की रेखा किस प्रकार बनाई ? [2]

(ङ) उसकी लगन का क्या परिणाम हुआ ? [3]

(च) इस गद्यांश से क्या शिक्षा मिलती हैं ? [2]

**4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें - (शब्द उतारें)** **[5]**

मित्र, राजा, संसार, पुत्री, हाथ

**5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें - (शब्द उतारें)** **[5]**

साक्षर, पाप, प्राचीन, अभिशाप, योगी, हर्ष, स्थूल, दूर, सत्य, धनी

**6. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखें - (शब्द उतारें)** **[5]**

कनक, वार, नग, वर, हार

**7. निम्नलिखित श्रुतिसम-भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखें - (शब्द उतारें)** **[4]**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नियत - | शोक - | शाम - | पानी - |
| नीयत - | शौक - | श्याम - | पाणि - |

**8. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें।** **[5]**

(क) जो कहा न जा सके -

(ख) जो नगर में रहता हो -

(ग) जो पहले हो चुका हो -

(घ) जहाँ जाना कठिन हो -

(ङ) आँख मूँदकर किया हुआ विश्वास -

**9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो से वाक्य बनाएँ -** **[4+3]**

उल्लू बनाना, छूमंतर होना, हाथ मलते रह जाना, जी चुराना

Downloaded From www.icseboard.org

**10. निम्नलिखित वाक्यों में भविष्यत्काल के उपभेद लिखें।** **[5]**

(क) शायद आज मेरा मित्र आए ।

(ख) मैं पाठ पढ़ूँगा ।

(ग) हो सकता है कल विद्यालय बंद हो ।

(घ) वह आएगा तभी मैं जाऊँगा ।

(ङ) हम सब मेला देखने जाएँगे ।

**11. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन करें :-** **[7]**

(क) उसका बचपन बड़ा ही सुखमय बीता । (संज्ञा शब्द चुनकर भेद लिखें)

(ख) श्रीमान आप कहाँ से आ रहे हैं ? (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखें)

(ग) कबूतर आकाश में उड़ रहा है । (वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखें)

(घ) कल कक्षा में चार बच्चे अनुपस्थित थे । (विशेषण शब्द चुनकर भेद लिखें)

(ङ) ध्यानपूर्वक पढ़ो । (क्रिया विशेषण शब्द चुनकर भेद लिखें)

(च) कविता गाना गा रही है । (वाक्य में उद्देश्य एवं विधेय अलग करें)

(छ) 'अ' और 'सु' उपसर्ग से एक-एक शब्द बनाएँ ।

Downloaded From www.jcseboard.org